प्रादेशिक समाचार

दिनांक–11.10.2025 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पीएम धन धान्य कृषि योजना और दलहन में आत्मनिर्भरता मिशन का किया शुभारंभ, कृषि और संबद्ध क्षेत्रों के लिए कई परियोजनाओं का किया लोकार्पण।
- मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा– घाटशिला उपचुनाव में सभी मतदान केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे से होगी वेबकास्टिंग, आदर्श आचार संहिता के पालन करने की अपील की।
- चाईबासा में नक्सल अभियान के दौरान शहीद हुए हेड कांस्टेबल को राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और मंत्री चमड़ा लिंडा ने दी श्रद्धांजलि।
- मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रांची के तीनों बस टर्मिनल को राष्ट्रीय मानक पर बनाने के दिए निर्देश, नगर विकास एवं आवास विभाग ने दी लगभग 49 करोड़ रुपये की स्वीकृति।
- राजधानी रांची समेत कई जिलों में सुबह और शाम में होने लगा ठंड का एहसास, मौसम विभाग ने कहा– अधिकतम और न्यूनतम दोनों तापमान में आएगी गिरावट।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली में कृषि और इससे जुडे क्षेत्रों में 42 हजार करोड़ रुपये से अधिक की कई परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। श्री मोदी ने 35 हजार करोड रूपये से अधिक की लागत वाली कृषि क्षेत्र की दो प्रमुख पहल पीएम धन–धान्य कृषि योजना और दलहन में आत्मनिर्भरता मिशन का शुभारंभ किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश की आत्मनिर्भरता और किसानों के कल्याण के लिए ये दो नई योजनाएं शुरू की गई हैं।

प्रधानमंत्री ने बताया कि दलहन में आत्मनिर्भरता मिशन भावी पीढी को आत्मनिर्भर बनाने की योजना है।

इधर, गढ़वा स्थित कृषि विज्ञान केन्द्र में प्रधानमंत्री के इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया, जिसे प्रशासनिक अधिकारियों और आम लोगों ने लाइव देखा। कृषि विज्ञान केंद्र के वरीय वैज्ञानिक महेश चन्द्र जेरई ने बताया कि गढ़वा जिले की जलवायु स्थिति को देखते यहाँ के किसानों को दलहनी और तिलहनी की खेती करनी चाहिए। वहीं, गोड्डा, सिमडेगा और सरायकेला जिले के किसानों ने भी इस कार्यक्रम को देखा।

****

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा है कि घाटशिला विधानसभा क्षेत्र में उपचुनाव की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू हो चुकी है। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से आदर्श आचार संहिता का पालन करने की अपील की है। श्री कुमार ने आज बताया कि उप चुनाव के दौरान सभी मतदान केंद्रों पर अंदर और बाहर की ओर सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से वेबकास्टिंग की जाएगी। साथ ही विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत एवं सीमाओं पर चेकपोस्ट भी तैयार किए गए हैं जिसपर सीसीटीवी द्वारा वेबकास्टिंग के माध्यम से भी निगरानी रखी जा रही है।

****

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और मंत्री चमरा लिंडा ने चाईबासा के जराइकेला में नक्सल अभियान के दौरान बम ब्लास्ट में शहीद हुए सीआरपीएफ के हेड कांस्टेबल महेंद्र लश्कर को आज रांची में श्रद्धांजलि दी। राज्यपाल ने इस घटना को दुखद बताया।

इधर, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इस घटना पर शोक जताया है।

****

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रांची के तीनों बस टर्मिनल को राष्ट्रीय मानक पर बनाने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए नगर विकास एवं आवास विभाग ने लगभग 49 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी है। जिन तीनों बस टर्मिनल का

आधुनिकीकरण होगा, उसमें आइटीआई बस स्टैंड, सरकारी बस डिपो और खादगढ़ा स्थित बिरसा मुंडा टर्मिनल शामिल हैं। विभागीय मंत्री सुदिव्य कुमार ने विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार को बस टर्मिनल के निर्माण की प्रक्रिया आरंभ करने का निर्देश दिया है।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित जीएसटी बचत उत्सव का पूरे देश में लाभ मिल रहा है। पश्चिम बंगाल के विभिन्न उद्योगों को सशक्त बनाने वाले जीएसटी सुधारों पर एक रिपोर्ट–

****

पलामू जिले की उपायुक्त समीरा एस ने आज नीलांबर–पीताम्बरपुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने दवाइयों को प्रोटोकॉल के अनुसार संधारण नहीं करने पर स्टोर प्रभारी को फटकार लगायी और नवजात शिशु की देखभाल वाले केंद्र को मजबूत करने पर जोर दिया।

****

गोड्डा के सुंदरपहाड़ी प्रखंड स्थित जीतपुर खनन परियोजना के तहत टेरी माइनिंग की ओर से एक रोजगार मेले का आयोजन किया गया। साथ ही नवीकरण के बाद बाल बाड़ी केंद्र का उद्घाटन भी किया गया। इस अवसर पर स्कूली बच्चों के बीच स्कूल बैग और पठन–पाठन से जुड़ी सामग्री वितरित की गई।

****

सिमडेगा जिले में मछली और बत्तख पालन के माध्यम से लोगों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने का प्रयास किया जा रहा है। विस्तृत ब्यौरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

****

राजधानी रांची समेत राज्य के विभिन्न जिलों में अब सुबह और शाम ठंड का अहसास होना शुरू हो गया है। मौसम केंद्र के अनुसार, ठंड बढ़ने से अधिकतम और न्यूनतम दोनों तापमान में गिरावट होगी। केंद्र के वैज्ञानिकों ने बताया कि कल के मुकाबले आज राज्य के कई जिलों में तापमान में एक से दो डिग्री की कमी दर्ज की गई है।

*******समाप्त********